● **सुनो, पढ़ो और गाओ :**

# ९. सोई मेरी छौना रे !

*– डॉ. श्रीप्रसाद*

**जन्म :** ५ जनवरी १९३२, पारना, आगरा (उ.प्र.) **रचनाएँ :** 'खिड़की से सूरज', 'आ री', 'कोयल', 'गुड़िया की शादी', आदि ।
**परिचय :** आपने विपुल मात्रा में बाल साहित्य का सृजन किया है ।
प्रस्तुत कविता में लोरी के माध्यम से माँ का वात्सल्य भाव प्रकट किया गया है ।



**जरा सोचो .......... बताओ**

✲ यदि सच में हमारे मामा का घर चाँद पर होता तो...



मेरा गेंद-खिलौना रे, सोई मेरी छौना रे !

झूला झूले सोने का,
झूले रेशम की डोरी ।
मीठे सपनों में खोई,
सुन-सुन परियों की लोरी ।
मेरा दीठ-दिठौना रे !
सोई मेरी छौना रे !





चाँद-सितारे जाग रहे,
नाच रही है चाँदनिया ।
फूल खिले हैं चाँदी के,
फूली मेरी आँगनिया ।
मेरा दीठ-दिठौना रे !
सोई मेरी छौना रे !


❑ विद्यार्थियों से लोरी गवाएँ और उसका अर्थ पूछें । इसमें आए संदर्भ समझाएँ और उसपर चर्चा करें । माता-पिता जी का महत्त्व पूछें और उन्हें अपने दादी जी/ नानी जी के गुणों को उजागर करने वाली कोई घटना बताने के लिए कहें । अन्य लोरी सुनाएँ और गवाएँ ।




## खोजबीन

विभिन्न क्षेत्रों की 'प्रथम भारतीय महिलाओं' की सचित्र जानकारी कॉपी में चिपकाओ ।

मेरा सुख अनहोना रे,
सोई मेरी छौना रे !
गीत सुनाऊँ सोए तू,
तू सोए औ गाऊँ मैं ।
मेरा दीठ दिठौना रे !
सोई मेरी छौना रे !





जागे, खेले, रूठे तू,
हँस-हँस तुझे मनाऊँ मैं ।
खिलौनों की दुनिया की
सैर तुझे करवाऊँ मैं ।
मेरी प्यारी सलोनी रे !
सोई मेरी छौना रे !



## मैंने समझा



-----------------------------------------------------------------------------
-----------------------------------------------------------------------------



## शब्द वाटिका

**नए शब्द**
सलोनी = सुंदर छौना = नन्हा बच्चा



## स्वयं अध्ययन

अपने परिवार के प्रिय व्यक्ति के लिए चार काव्य पंक्तियाँ लिखो ।

## भाषा की ओर



हिंदी-मराठी के समोच्चारित शब्दों की अर्थ भिन्नता बताओ और लिखो ।

| मराठी अर्थ | समोच्चारित शब्द | हिंदी अर्थ |
|---|---|---|
| | ← कल → | |
| | ← सही → | |
| | ← खोल → | |
| | ← आई → | |
| | ← परत → | |



## सुनो तो जरा

नीतिपरक दोहे सुनो और आनंदपूर्वक सुनाओ ।



## बताओ तो सही

माँ को एक दिन की छुट्टी दी जाए तो क्या होगा ?



## वाचन जगत से

सुभद्राकुमारी चौहान की कविता पढ़ो और समूह में गाओ ।



## मेरी कलम से

नियत विषय पर भाषण तैयार करो ।

### * कविता की पंक्तियाँ पूरी करो ।

१. चाँद सितारे ......................,
....................................।
....................................,
...........................आँगनिया ।

२. मेरा सुख ........................,
....................................!
....................................,
........................... गाऊँ मैं ।

## सदैव ध्यान में रखो



जीवन में माँ का स्थान असाधारण है ।



## विचार मंथन



।। जननी-जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी ।।



## अध्ययन कौशल



अपने परिवार का वंश वृक्ष तैयार करो और रिश्ते-नातों के नाम लिखो ।

KKHZ1Z

## जोड़ो हमें

*** पेड़ के पत्तों पर दिए गए वर्णों से संयुक्ताक्षरयुक्त शब्द बनाओ : (आधे होकर, पाई हटाकर, हल लगाकर, 'र' के प्रकार )**

(क, फ, ग, त, थ, घ, ष, व, द, म, ह, ठ, ड, ट, प, र)

